(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख). विदेशों से आयात किये जाने वाले 15 शक्तिशाली ट्रांसमिटरों में से 4 प्राप्त हो चुके हैं। इन चार ट्रांसमिटरों में से दो ट्रांसमिटर, एक जलंधर में और दूसरा कलकत्ता में, लगाने का काम चालू साल में पूरा हो जाने की आशा है। उम्मीद है कि शेष 13 ट्रांसमिटर अगले तीन सालों के दौरान चालू हो जाएंगे।

(ग) साज सामान के प्राप्त होने में कोई अनावश्यक देरी नहीं हुई है।

प्रादेशिक भाषाओं में कार्यक्रम

29. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आकाशवाणी के पटना केन्द्र से मगही, मैथिली और भोजपुरी में भी कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो 1966 में इन भाषाओं के प्रत्येक कार्यक्रम के प्रसारण के लिए प्रत्येक महीने कितना कितना समय निर्धारित किया गया ;

(ग) उपर्युक्त अवधि में आकाशवाणी के रांची केन्द्र से प्रसारित किये गये कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है ; और

(घ) क्या आकाशवाणी के भागलपुर केन्द्र से प्रसारण चालू हो गये हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) जी, हां।

(ख) प्रत्येक कार्यक्रम की मासिक औसत अवधि इस प्रकार है :—

मगही	मैथिली	भोजपुरी
250 मिनट	650 मिनट	300 मिनट

(ग) रांची केन्द्र से इन बोलियों में, नियमित रूप से कार्यक्रम प्रसारित नहीं होते, सिवा लोकगीतों के जो सप्ताह में एक बार इन में से किसी बोली में होते हैं।

(घ) जी, हां।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

30. **श्री मधाहम** :
श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :
श्री एसबोस :
श्री विश्वनाथ मेनन :
श्री उमानाथ :
श्रीमती सुशीला गोपालन :
श्री स० मो० बनर्जी :
श्री मधु लिमये :
श्री विभूति मिश्र :
श्री क० ना० तिवारी :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कबीर समिति ने यह सुझाव दिया है कि भारतीय सांख्यिकी संस्था को स्वायत्तशासी निकाय बनाया जाये ;

(ख) यदि हां, तो सरकार ने इस बारे में क्या निर्णय किया है ; और

(ग) इस समिति ने और क्या क्या सिफारिशें की हैं तथा उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

प्रधान मंत्री तथा अणु-शक्ति मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

(ग) रिपोर्ट की प्रतियां संसदीय पुस्तकालय में उपलब्ध हैं। समिति की सिफारिशों पर सरकार विचार कर रही है। रिपोर्ट की एक प्रति संस्थान के अध्यक्ष के पास भेज दी गई है और उनसे अनुरोध किया गया है कि इस पर संस्थान द्वारा की गई कार्यवाही से सरकार को अवगत करावें।